आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अन्य चरणों के मतदान को लेकर रैलियां, सभाए और रोड–शो कर रहे हैं। इस दौरान वह अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इटावा के भरथना में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सपा मैनपुरी और इटावा को तथा कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को अपनी विरासत मानती है। जबकि भाजपा के लिए हर गरीब का घर विरासत है। इसको ध्यान में रख कर ही भाजपा सरकार ने पूरे दस वर्ष गरीब कल्याण के लिए ही कार्य किया है। जनसभा को वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया। उधर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगरा लोकसभा क्षेत्र के जलेसर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद हमारा फोकस किसानों की कर्ज माफी पर होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य का अधिकार देकर हम किसानों को खुशहाल बनाएगें। उन्होंने सरकार बनाने के बाद अग्निवीर योजना को बंद करने की भी बात कही। आज ही वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में रोड–शो किया।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देर शाम अयोध्या में रोड–शो करेगें। उनका रोड–शो अयोध्या की सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से शुरू हो कर लता मंगेस्कर चौक तक जाएगा और वहीं सम्पन्न होगा। रोड–शो से पहले श्री मोदी रामलला का दर्शन पूजन करेगें। इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेगें।

****

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार आज देर शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में प्रदेश की संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला लोकसभा सीटों के लिए सात मई को वोट डाले जाएगे। इस चरण के लिए आज सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने जमकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के दो सौ छियान्नबे प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। कल नामांकन पत्रों की जांच की गई। छः मई नाम वापसी की अंतिम तिथि है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से सबसे अधिक 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों में लखनऊ से भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मोहनलालगंज से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सिंह, कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की किस्मत दांव पर होगी। पांचवें चरण की चौदह संसदीय सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

****

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के लिए आज बसपा प्रत्याशी मोइनुद्दीन खान उर्फ दद्न खान ने नामांकन किया। छठे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छः मई है। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेंगी। प्रत्याशी नौ मई तक नाम वापस ले सकेंगे। छठे चरण में चौदह संसदीय सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में पच्चीस मई को मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान की अधिसूचना अगामी सात मई को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सातवे चरण के नामांकन के लिए संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस चरण में तेरह सीटों के लिए नामांकन चौदह मई तक दाखिल किये जा सकेगे। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसि की आखिरी तिथि सत्रह मई निर्धारित है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज देश भर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट का आयोजन किया। यह परीक्षा देश भर के पांच सौ सनतावन शहरों और देश से बाहर चौदह शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी। इस परीक्षा के लिए चौबीस लाख से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

****

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क यात्रियों के लिए असुरक्षित माने जाने वाले दो लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों को समाप्त करने का फैसला किया है। मंत्रालय भविष्य में चार लेन, छह लेन अथवा एक्सेस कंट्रोल राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण करेगी, इससे सड़क हादसों में कमी आयेगी।

****